-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 07.06.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **एंटी ह्यूमेन ट्रैफिकिंग यूनिट व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध चलाया गया जागरुकता अभियान।**

विवरण – पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आज दिनांक 07.06.2024 को एंटी ह्यूमेन ट्रैफिकंग यूनिट व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम की रोकथाम हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौराना शहर क्षेत्र के महेश्वरी देवी मार्केट, शंकर गुरु चौराहा, बलखंडीनाका, गूलरनाका क्षेत्र के आसपास के स्थानों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से दुकानदारों को बालश्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया तथा चेतावनी दी गई कि भविष्य में कोई दुकानदार यदि बच्चों से बाल श्रम कराते हुए पाया गया तो उपरोक्त दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। अभियान के दौरान श्रम अधिकारी बांदा श्री महेंद्र शुक्ला एवं श्री सुनील शुक्ला तथा थाना AHTU से प्रभारी निरीक्षक श्री अखिलेश प्रताप सिंह, आरक्षी प्रशांत यादव एवं महिला आरक्षी अल्का वर्मा तथा SJPU से आरक्षी रंजीत सिंह मौजूद रहे।